Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2023– 1670 दिनांक : 02 नवम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त अनुदानित/राजकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में सूचित करना है कि " स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (त्रिवर्षीय एलएल0बी0 एवं बी0एड0 को छोड़कर) के विषम सेमेस्टर के जिन विषयों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षायें होनी हैं, उनकी परीक्षाएं 16 नवम्बर से 25 नवम्बर, 2023 के मध्य अनिवार्य रूप से सम्पन्न करा लिये जायें। प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाएं महाविद्यालय स्तर से ही आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति करते हुए कराये जायेंगे। इन परीक्षाओं का आयोजन पूर्व निर्धारित प्रक्रिया जिसमें आन्तरिक एवं वाह्य परीक्षकों के नियुक्ति की सूचना तीन दिवस पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वेबफार्म लिंक के माध्यम से सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त लिंक पर महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विषयवार परीक्षकों के विवरण (विषय का नाम, आन्तरिक/वाह्य परीक्षक का नाम, मोबाइल/व्हाट्सएप नम्बर, महाविद्यालय जहां कार्यरत् हैं, ई–मेल आई0डी0, नियमित/स्ववित्तपोषित) के उपरान्त ही सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की अवार्ड लिस्ट कालेज लॉग–इन/टीचर लॉग–इन पर उपलब्ध करायी जाएगी।

शासनादेशानुसार प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा कराये जाने के लिए पृथक से प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा YouTube चैनल बनाया जाना अनिवार्य होगा तथा परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग करते हुए परीक्षाओं की रिकार्डिंग YouTube चैनल पर उपलब्ध होने के साथ–साथ रिकार्डिंग की पेनड्राइव उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में करायी गयी परीक्षाओं के अवार्ड मान्य नही होंगे।"

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner